**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**14.12.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–सत्ता के पहले दिन से ही आम आदमी का कल्याण सुनिश्चित कर रही है उनकी सरकार।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में सिंचाई के लिए समूचित जल व हर घर को स्वच्छ पेयजल की जताई प्रतिबद्धता।
- सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा–केवल संविधान प्रेम का ढोंग रचती है कांग्रेस पार्टी
- प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत में 53 हजार से अधिक मामलों का निपटारा– 91 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मुआवजा स्वीकृत।

## समाचार विस्तार से............

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार सत्ता के पहले दिन से ही आम आदमी का कल्याण सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िला के इंदौरा उत्सव के समापन अवसर पर कहा कि एक ओर जहां पूरे देश में किसान आंदोलन कर रहे हैं वहीं हिमाचल में किसानों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें धरती पर उतारा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, इनमें दूध के मूल्य में बढ़ौतरी और गेंहू व मक्की को एम.एस.पी. के तहत लाना शामिल है। उन्होंने इस मौके पर इंदौरा उत्सव को अगले साल से ज़िला स्तरीय करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व नशा मुक्त इंदौरा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस मौके पर युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया है और बीते दो महीनों में नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करने और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आहवान किया।

### मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई के समुचित जल और नल के माध्यम से प्रत्येक घर को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। अग्निहोत्री आज सोलन ज़िला के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न सिंचाई और जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि नालागढ़ क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए नई डीपीआर को जल्द स्वीकृति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध करवाने और लोगों को निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने इससे पूर्व आज ऊना के हरोली विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर जयचंद में अपने निवास स्थान पर नवोदित लेखिका व शिक्षाविद निहारिका अग्निहोत्री की पुस्तक इन द एक्सप्लोरेशन ऑफ लाईफः वाई वी लाई का विमोचन किया। इस पुस्तक में झूठ बोलने के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं पर गहराई से प्रकाश डाला गया है।

## बिजली बचत दिवस

आज राष्ट्रीय बिजली बचत दिवस है। हिमाचल बिजली बोर्ड द्वारा इस अवसर पर कांगड़ा ज़िला के इंदौरा में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिजली बचत पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अवलोकन किया।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं समाज के कल्याण में महत्वपूर्ण है। विधानसभा अध्यक्ष आज चंबा ज़िला के ककीरा में स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान के दिक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राथमिकता के साथ गुणवतायुक्त शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। पठानिया ने नर्सिंग सेवाओं के प्रशिक्षण के साथ–साथ सामाजिक संस्कारों के लिए संस्थान की सराहना की और विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि विपरित परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश में हर वर्ग का विकास हो रहा है। रोहित ठाकुर आज जुब्बल कोटखाई के नावर क्षेत्र की हंसटाडी पंचायत में नवनिर्मित पंचायत घर के लोकार्पण के मौके पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सेब बागवानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इनमें यूनिवर्सल कॉर्टन को लागू करना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है और यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और सरकार इस दृष्टि से विकास कार्यों को अंजाम दे रही है।

## सुनील बिट्टू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर में मैडिकल कॉलेज स्थापित कर ज़िले के विकास को नए आयाम दिए हैं। बिट्टू ने आज हमीरपुर स्थित सुपर मैगनेट सीनियर सैंकेडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव के मौके पर कहा कि इस संस्थान को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री एक बड़ी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियो को उनकी रूचि और प्रतिभा के अनुसार ही प्रेरित किया जाना चाहिए। सुनील शर्मा बिट्टू ने नशे की बढ़ती समस्या पर भी चिंता जताई और विद्यार्थियों से इससे दूर रहने का आहवान किया।

## अनुराग ठाकुर

सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संविधान की लाल किताब को हर जगह लहराते जरूर हैं लेकिन इसके अंदर छिपे गांधी परिवार के काले कारनामों पर कभी बात नहीं करते। अनुराग ठाकुर ने आज लोकसभा में संविधान पर हो रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी केवल संविधान प्रेम का ढोंग रचती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने संविधान का अपमान किया है तो वह कांग्रेस और गांधी परिवार है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर और पूरे विपक्ष को जेल में डालकर संविधान ही बदल दिया। अनुराग ठाकुर ने इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों और सिक्खों पर अत्याचार का भी जिक्र किया।

## लोक अदालत

प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायामूर्ति तरलोक सिंह चौहान के मार्ग दर्शन में इस लोक अदालत का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख 2 हजार 7 सौ 83 मामले सुनवाई के लिए आए। इनमें से 53 हजार 7 सौ 89 मामलों का निपटारा किया गया। इन मामलों में 91 करोड़ 74 लाख 65 हजार 9 सौ 39 रुपये की राशि का दावेदारों को निपटारा किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव व जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणजीत सिंह ने बताया कि लोक अदालत में विवाह संबंधी पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, पैंशन, कर्मचारी क्षतिपूर्ति के मामले, बैंक वसूली, बिजली, दूरभाष बिल, आवास–वित्त, मोटर वाहन, उपभोक्ता शिकायत और मकान कर आवास विवाद वाले मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाना है।

## केवल सिंह पठानिया

प्रदेश सरकार में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के चंगर क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य व परिवहन सेवाएं मजबूत करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। पठानिया आज राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंज के वार्षिक पुरस्कार के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चंगर क्षेत्र की बिजली की समस्या को अगले वर्ष अप्रैल तक पूरी तरह से दूर कर दिया जाएगा।

## रिजर्व बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख 60 हजार रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। ये निर्णय अगले वर्ष पहली जनवरी से लागू होगा। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि इस फैसले का उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इस निर्णय से किसानों पर मुद्रास्फीति और कृषि की बढ़ती लागत का प्रभाव कम होगा।

## सुखाश्रय

चंबा जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र में सुखाश्रय परिसर का निर्माण किया जाएगा। इस परिसर में अनाथ बच्चों के साथ वृद्ध आश्रम की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस परिसर के निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों से जिले में स्थापित सुखाश्रय कोष में अपना योगदान देने की अपील की है।

## मौसम

प्रदेश में बीते दिनों हुई हल्की बर्फबारी के बाद राज्य में मौसम लगातार साफ बना हुआ है। इसके बावजूद प्रदेश में लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में डेढ़ दर्जन से अधिक प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान जमाव बिंदू से नीचे पहुंच गया है। जनजातीय क्षेत्रों में तापमान में भारी गिरावट के चलते पानी के अधिकांश स्रोत जम गए हैं। ताबो आज प्रदेश का सबसे ठण्डा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माइनस 11 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने आने वाले एक सप्ताह तक राज्य में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर’

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–सत्ता के पहले दिन से ही आम आदमी का कल्याण सुनिश्चित कर रही है उनकी सरकार।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में सिंचाई के लिए समूचित जल व हर घर को स्वच्छ पेयजल की जताई प्रतिबद्धता।
- सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा–केवल संविधान प्रेम का ढोंग रचती है कांग्रेस पार्टी
- प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत में 53 हजार से अधिक मामलों का निपटारा– 91 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मुआवजा स्वीकृत।